बंधन कोन्नगर ने सहयोगात्मक सामाजिक विकास पर राष्ट्रीय संवाद को आगे बढ़ाने के लिए SETU 2026 का शुभारंभ

नई दिल्ली|बिज़नेस रेमेडीज

बंधन कोन्नगर ने आज सहयोगात्मक सामाजिक विकास पर भारत के प्रथम राष्ट्रीय नेतृत्व शिखर सम्मेलन 'SETU – IndiaÓs National Leadership Summit on Collaborative Social Development' का आयोजन किया। 'नीति से व्यवहार तक- व्यापक सामाजिक प्रभाव के लिए साझेदारियों का निर्माण' विषय पर आयोजित इस शिखर सम्मेलन में नीति-निर्माताओं, सरकारी अधिकारियों, कॉर्पोरेट CSR एवं ESG विशेषज्ञों, परोपकार क्षेत्र के प्रतिनिधियों, शिक्षाविदों तथा विकास क्षेत्र के विशेषज्ञों ने भाग लिया। शिखर सम्मेलन का उद्देश्य सरकार, उद्योग, नागरिक समाज, समुदायों तथा अन्य हितधारकों के बीच विकास लक्ष्यों के समन्वय से जुड़ी संभावनाओं एवं चुनौतियों पर राष्ट्रीय स्तर पर संवाद और कार्रवाई के लिए एक मंच स्थापित करना था, ताकि व्यापक, मापनीय एवं टिकाऊ समाधानों को विकसित किया जा सके। नई दिल्ली स्थित इंडिया हैबिटैट सेंटर में आयोजित यह शिखर सम्मेलन समावेशी एवं सहयोगात्मक सामाजिक विकास पर राष्ट्रीय संवाद को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा, जिसे भविष्य में भी जारी रखा जाएगा।

भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय में माननीय राज्य मंत्री श्री कमलेश पासवान को इस उद्घाटन शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (NSDC) के CEO अरुण के.आर. पिल्लई, बंधन समूह के चेयरमैन चंद्र शेखर घोष तथा बंधन कोन्नगर के CEO संजीब कुमार दास सहित वरिष्ठ सरकारी प्रतिनिधि, ष्टस्क्र एवं श्वस्त क्षेत्र के नेतृत्वकर्ता, विकास क्षेत्र के विशेषज्ञ, परोपकारी संस्थाएं, शिक्षाविद तथा कार्यान्वयन साझेदार उपस्थित रहे।

SETU राष्ट्रीय स्तर पर सहयोगात्मक सामाजिक विकास पर केंद्रित एक सतत संवाद का मंच है। इसका उद्देश्य नीति, संसाधनों, कार्यान्वयन तथा समुदायों की आवश्यकताओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। इसके अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के बीच संवाद, जमीनी स्तर के अनुभवों का आदान-प्रदान, साक्ष्य-आधारित प्रभाव अध्ययन, साझेदारी घोषणाएं तथा समावेशी विकास में योगदान देने वाले संगठनों को सम्मानित करने जैसे प्रयासों को प्रमुखता दी जाएगी। सरकार, कॉर्पोरेट क्षेत्र, नागरिक समाज, परोपकार, शिक्षा जगत और समुदायों के बीच समन्वय के माध्यम से SET ऐसे समाधानों को प्रोत्साहित करने का प्रयास करेगा, जो नीति से व्यवहार, पायलट परियोजना से व्यापक स्तर, हस्तक्षेप से प्रभाव तथा गतिविधि से मापनीय परिणाम की दिशा में आगे बढ़ें। इसका उद्देश्य ऐसे विकास प्रतिमान में योगदान देना है, जिसमें आर्थिक एवं सामाजिक विकास साथ-साथ आगे बढ़ें और भारत की समग्र प्रगति में योगदान दें।

बंधन समूह के चेयरमैन चंद्र शेखर घोष ने कहा कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का हमारा दृष्टिकोण तभी सार्थक रूप से पूरा होगा, जब विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंचे। ग्रामीण समुदाय, महिलाएं, युवा तथा वंचित समुदाय केवल विकास के निष्क्रिय लाभार्थी नहीं हो सकते; उन्हें भारत में आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार और योगदानकर्ता बनना होगा। CSR का अगला चरण केवल व्यय और गतिविधियों तक सीमित न रहकर मापनीय एवं दीर्घकालिक प्रभाव की दिशा में आगे बढ़ना है। SETU एक आह्वान है–कल्याण से सशक्तीकरण की ओर, अलग-अलग हस्तक्षेपों से साझेदारी की ओर और अल्पकालिक गतिविधियों से दीर्घकालिक सामाजिक मूल्य की ओर बढ़ने का।

शिखर सम्मेलन के प्रथम सत्र का उद्घाटन कमलेश पासवान और अरुण कुमार पिल्लई द्वारा किया गया। सत्र में समावेशी विकास के लिए नीति, कौशल विकास तथा संस्थागत साझेदारी के महत्व पर चर्चा की गई। चंद्र शेखर घोष ने 'समावेशन से संस्थान तक- जमीनी स्तर से विकास मॉडल का निर्माण' विषय पर नेतृत्व संबोधन दिया। उन्होंने ऐसे विकास मॉडलों के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया, जो केवल व्यक्तिगत हस्तक्षेप तक सीमित न रहकर टिकाऊ संस्थानों और प्रणालियों का स्वरूप ग्रहण कर सकें। शिखर सम्मेलन में कौशल विकास, टिकाऊ आजीविका एवं उद्यमिता, ऋण एवं बाजार, समुदाय-आधारित जलवायु कार्रवाई तथा समावेशी मानव विकास में स्वास्थ्य एवं शिक्षा की भूमिका से जुड़े संरचनात्मक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। डॉ. भास्कर चटर्जी ने CSR की अनुपालन-केंद्रित भूमिका से सहयोगात्मक एवं मापनीय प्रभाव की दिशा में हुई यात्रा पर मुख्य वक्तव्य दिया। वहीं NABARD की CGM शेफाली अग्रवाल ने Graduated Rural Income Generation Programme (GRIP) तथा ग्रामीण क्षेत्रों के अत्यंत गरीब परिवारों को सक्षम बनाने के लिए अपनाए जा रहे नवोन्मेषी उपायों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान बंधन कोन्नगर और LEAP 300 के बीच साझेदारी की घोषणा के साथ प्रभाव अध्ययन प्रस्तुत किया गया। आजीविका कार्यक्रमों से लाभान्वित लोगों ने अपने अनुभव भी साझा किए। इसके अतिरिक्त, बंधन कोन्नगर के CSR साझेदारों को SETU Bandhan CSR Awards के माध्यम से सम्मानित किया गया। बंधन कोन्नगर के CEO संजीब कुमार दास ने कहा, कि हमारे लिए SETU, बंधन कोन्नगर की 25 वर्षों की विकास यात्रा का अगला चरण है और हमारा मानना है कि यह विचारों और कार्यों के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाएगा। हम ऐसी साझेदारियों को बढ़ावा देना चाहते हैं, जो परिणाम-केंद्रित, व्यापक स्तर पर लागू की जा सकने वाली और जमीनी वास्तविकताओं के प्रति संवेदनशील हों। इसके लिए समुदायों, कार्यान्वयन संस्थाओं, सरकार, कॉर्पोरेट क्षेत्र, दानदाताओं तथा ज्ञान संस्थानों को एक साझा उद्देश्य के साथ एकजुट होकर ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना होगा, जिसमें शिक्षा, कौशल विकास, आजीविका, वित्तीय समावेशन और जलवायु-लचीलापन एक साथ मिलकर समुदायों के लिए अधिक अवसरों का निर्माण कर सकें तथा एक अधिक न्यायसंगत और भविष्य के लिए तैयार भारत के निर्माण में योगदान दें। बंधन कोन्नगर एक गैर-सरकारी संगठन है, जिसने वर्ष 2001 में गरीबी उन्मूलन और महिला सशक्तीकरण के दो प्रमुख उद्देश्यों के साथ अपनी गतिविधियां शुरू की थीं। इसी दृष्टिकोण ने इस शिखर सम्मेलन के आयोजन की आधारभूमि तैयार की।

टेडएक्स आईआईएचएमआर यू का फोर्थ एडिशन संपन्न, 'इग्नाइट द अनसीन' थीम पर हुई चर्चा

जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज

आईआईएचएमआर यूनिवर्सिटी, जयपुर में शुक्रवार को टेडएक्स आईआईएचएमआर यू (TEDxIIHMR) के चौथे एडिशन का आयोजन हुआ। इस साल कार्यक्रम की थीम 'इग्नाइट द अनसीन' रही। कार्यक्रम में ऐसे लोगों और उनके काम से जुड़ी बातें सामने आईं, जिन पर आमतौर पर कम चर्चा होती है, लेकिन जिनके विचार और प्रयास समाज में बदलाव ला सकते हैं। कार्यक्रम में अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े वक्ताओं ने अपने अनुभव और विचार साझा किए। इनमें पद्म भूषण से सम्मानित और दर्पणा एकेडमी की डायरेक्टर डॉ. मल्लिका साराभाई, क्योर.एआई (Qure.ai) में चीफ मेडिकल ऑफिसर-ग्लोबल हेल्थ डॉ. शिबू विजयन, 2006 इंटरनेशनल चिल्ड्रन्स पीस प्राइज विजेता और पाठशाला ट्रस्ट के संस्थापक ओम प्रकाश गुर्जर, राउंडग्लास म्यूजिक की लीड, सिंगर, कंपोजर और म्यूजिकोलॉजिस्ट गौरी यदवाडकर, उद्यमी, वाइल्डलाइफ कंजर्वेशनिस्ट और मेडिका ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स) के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर आर. उदयन लाहिरी तथा नेशनल अवॉर्ड विजेता दिव्यांग अधिकार कार्यकर्ता और एटीएफ के सीईओ एवं को-फाउंडर प्रतीक माधव शामिल रहे। वक्ताओं ने परफॉर्मिंग आर्ट्स, पब्लिक हेल्थ, चाइल्ड राइट्स, असिस्टिव टेक्नोलॉजी, म्यूजिक,एंटरप्रेन्योरशिप और वाइल्डलाइफ कंजर्वेशन जैसे अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े अपने अनुभव साझा किए।

कार्यक्रम में थिएटर कलाकार अभिषेक मुदगल की विशेष प्रस्तुति भी हुई। थिएटर डायरेक्टर, एक्टर, रंग मस्तानेय के फाउंडर और नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा, नई दिल्ली में स्टेज मैनेजर अभिषेक मुदगल ने 'महारथी' प्रस्तुति के जरिए टेडएक्स आईआईएचएमआर यू के मंच पर थिएटर का अलग रंग जोड़ा। कार्यक्रम के दौरान अलग-अलग क्षेत्रों से आए वक्ताओं के विचारों के जरिए हेल्थ, इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप, सोशल इम्पैक्ट, कल्चर और आर्ट्स से जुड़े विषयों पर बातचीत हुई। आईआईएचएमआर स्टार्टअप्स की डायरेक्टर यामिनी अग्रवाल ने कहा, कि इस एडिशन में अलग-अलग क्षेत्रों और अनुभवों से जुड़े लोगों ने अपने विचार साझा किए। अलग-अलग विषयों, सोच और जीवन के अनुभवों को एक साथ लाने वाली बातचीत से ही नए विचारों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है।

युवा निवेशक दिवम जुनेजा ने 48 करोड़ के सीरीज़ ए राउंड में Supply6 पर लगाया दाव

चंडीगढ़ | बिज़नेस रेमेडीज

युवा निवेशक दिवम जुनेजा, जुनेजा वेंचर्स एलएलपी के फाउंडर, ने बेंगलुरु स्थित न्यूट्रिशन ब्रांड सप्लाई6 में रणनीतिक निवेश किया है। यह निवेश भारत की तेजी से बढ़ती कंज्यूमर इकोनॉमी में इनोवेशन आधारित और हाई-ग्रोथ बिजनेस को समर्थन देने की उनकी लान्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी को मजबूत करता है।

दिवम जुनेजा भारत की नई पीढ़ी के अनुशासित वेल्थ क्रिएटर्स का प्रतिनिधित्व करते हैं और भारत के टॉप 100 सबसे बड़े फैमिली ऑफिस में से एक का नेतृत्व कर रहे हैं। वह प्रसिद्ध उद्योगपति डा. संजीव जुनेजा के पुत्र हैं, जिन्होंने केश किंग, डस. ऑर्थो, रूप मंत्रा और पेट सफा जैसे सफल ब्रांड स्थापित किए हैं।

जुनेजा वेंचर्स एलएलपी के माध्यम से दिवम ऐसे बिजनेस की पहचान पर फोकस करते हैं, जिनके फाउंडर्स दूरदर्शी हों, बिजनेस माडल स्केलेबल हो और जिनमें लान्ग-टर्म ग्रोथ की मजबूत संभावनाएं हों। उनकी इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजी प्राइवेट इक्विटी, प्री-आईपीओ और पब्लिक मार्केट्स तक फैली हुई है। यह निवेश ऐसे समय में हुआ है जब बेंगलुरु स्थित हेल्थ और

दिवम जुनेजा

फाउंडर, जुनेजा वेंचर्स एलएलपी

न्यूट्रिशन कंपनी सप्लाई6 ने 48 करोड़ रुपए का सीरीज-ए फंडिंग राउंड सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस राउंड का नेतृत्व यूनिलीवर वेंचर्स ने किया, जबकि जीरोपर्ल वीसी, अभिनेत्री एवं निवेशक कृति सेनन और अन्य प्रमुख निवेशकों ने भी इसमें भाग लिया। दिवम जुनेजा ने इस फंडिंग राउंड में 1 करोड़ रुपए का निवेश किया है। वैभव भंडारी और राहुल जैकब द्वारा स्थापित सप्लाई6 रोजमर्रा की न्यूट्रिशन जरूरतों को ध्यान में रखते हुए साइंस-बेस्ड न्यूट्रिशन प्रोडक्ट्स विकसित करती है। कंपनी इस नई फंडिंग का उपयोग प्रोडक्ट इनोवेशन, क्लीनिकल रिसर्च, सप्लाई चेन को मजबूत करने व डायरेक्ट- टू-कंज्यूमर, मार्केटप्लेस, क्विक-कामर्स तथा आफलाइन रिटेल नेटवर्क के विस्तार में करेगी। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2030 तक 700 करोड़ रुपए का वार्षिक रेवेन्यू हासिल करना है।

इस निवेश पर दिवम जुनेजा ने कहा कि हम ऐसे बिजनेस में निवेश करते हैं जिनके फाउंडर्स मजबूत हों, बिजनेस माडल स्केलेबल हो और जो लान्ग-टर्म वैल्यू क्रिएट करने की क्षमता रखते हों। सप्लाई6 हमारी इन्वेस्टमेंट फिलॉसफी के अनुरूप है और ऐसे इनोवेशन-ड्रिवन बिजनेस का उदाहरण है, जिसे समर्थन देने पर हमें गर्व है। दिवम जुनेजा ने 15 वर्ष की आयु में अपनी इन्वेस्टमेंट जर्नी शुरू की थी। कम उम्र में ही उन्होंने मैक्रोइकोनामिक्स और फाइनेंशियल मार्केट्स में गहरी रुचि विकसित की, जिसने उनकी लान्ग-टर्म इन्वेस्टमेंट सोच को आकार दिया। उनका विजन नई पीढ़ी के बिजनेस के लिए भारत का एक अग्रणी इन्क्यूबेशन एवं एक्सेलरेशन प्लेटफॉर्म और एक प्रोफेशनली मैनेज्ड एसेट मैनेजमेंट कंपनी स्थापित करना है। अनुशासित इन्वेस्टमेंट फिलॉसफी और मजबूत निर्णय क्षमता के साथ दिवम जुनेजा लगातार भारत के उभरते निवेशकों में अपनी पहचान मजबूत कर रहे हैं और विभिन्न सेक्टर्स में हाई-ग्रोथ बिजनेस का एक विविध इन्वेस्टमेंट पोर्टफोलियो तैयार कर रहे हैं।

तीन दिवसीय 'परिचय 2026' के अंतिम दिन नेतृत्व, कौशल और दृढ़ता का संदेश; 1600+ विद्यार्थियों ने लिया सहभागिता

जयपुर | बिज़नेस रेमेडीज

जयपुर स्थित जेईसीआरसी में तीन दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'परिचय 2026' का तीसरा एवं अंतिम दिन उत्साह, प्रेरणा और उपलब्धियों से भरपूर रहा। अंतिम दिन 1600 से अधिक विद्यार्थियों की सहभागिता रही। संस्थान के गणमान्य अतिथियों, शिक्षकों, पूर्व छात्रों और विद्यार्थियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष और यादगार बना दिया। पूरे दिन शैक्षणिक मार्गदर्शन, करियर संबंधी विचार, नेतृत्व के संदेश, विद्यार्थियों के सम्मान और एलुमनाई संवाद ने कार्यक्रम को एक समग्र अनुभव में बदल दिया।

प्रो. विक्टर गंभीर ने शिक्षा और कौशल के महत्व पर दिया जोर : कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रोफेसर विक्टर गंभीर, प्रेसिडेंट, जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी ने संस्थान के शैक्षणिक विस्तार पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जेईसीआरसी अब 11 स्कूलों और 27 विभागों तक पहुंच चुका है। उन्होंने जेईसीआरसी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की आगामी सेवाओं की जानकारी भी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को कक्षा से आगे सीखने, तकनीकी ज्ञान के साथ संचार, सामाजिक एवं पारस्परिक कौशल विकसित करने की सलाह दी। उन्होंने एनबीए मान्यता, एक प्रमुख एवं एक गौण विषय चुनने की सुविधा तथा प्रत्येक सेमेस्टर में 20 क्रेडिट की व्यवस्था के बारे में बताया। बदलते तकनीकी परिदृश्य में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने विद्यार्थियों

को कोडिंग से आगे व्यापक कौशल विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा ने दिए नेतृत्व और दृढ़ता के आठ मंत्र कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, अवसर और जीवन में दृढ़ता के महत्वपूर्ण सूत्र बताए। उन्होंने वर्ष 1989 में भोपाल के सेवा चयन बोर्ड से जुड़ा अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि कई बार जीवन में केवल कुछ सेकंड का अंतर व्यक्ति की दिशा बदल सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पारंपरिक सोच से आगे बढ़ने और अवसर आने पर तुरंत प्रतिक्रिया देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक विकास के लिए आठ महत्वपूर्ण सूत्र बताए–समय से आगे रहें, परिस्थितियों को समझें, दृढ़ता विकसित करें, परिस्थितियों के आधार पर अपनी प्रभावशीलता बढ़ाएं, टीम के साथ काम करना सीखें, जोखिम उठाने का साहस रखें, स्वयं से बड़ा कोई उद्देश्य रखें और आगे बढ़ने का विश्वास बनाए रखें।

Rex Pipes & Cables Beyond... Imagination

रेक्स पाइप्स एंड केबल्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड

सीआईएन: L31300RJ2002PLC017714

पंजीकृत कार्यालय: एफ-69ए, रीको औद्योगिक क्षेत्र, सीकर, राजस्थान-332001

ईमेल आईडी: cs@rpcil.com, मोबाइल नंबर: +91 9783211999

वार्षिक आम बैठक (एजीएम) सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी के सदस्यों की 24वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) मंगलवार, 15 सितंबर 2026 को दोपहर 2:00 बजे कंपनी के पंजीकृत कार्यालय, एफ-69ए, आरआईआईसीओ औद्योगिक क्षेत्र, सीकर, राजस्थान -332001 में आयोजित की जाएगी, जिसमें एजीएम की सूचना में उल्लिखित कार्यसूची पर विचार किया जाएगा। उक्त सूचना, वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट सहित, सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजी जा चुकी है और यह कंपनी की वेबसाइट www.rpcil.com पर भी उपलब्ध है।

बैठक में उपस्थित होने और मतदान करने के पात्र सदस्य स्वयं के स्थान पर किसी प्रतिनिधि को नियुक्त कर सकते हैं और प्रतिनिधि का कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। प्रभावी होने के लिए, प्रॉक्सी फॉर्म को विधिवत भरकर और हस्ताक्षर करके, वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के प्रारंभ होने से कम से कम 48 घंटे पहले कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा किया जाना चाहिए।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के अनुपालन में, कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 (समय-समय पर संशोधित) और सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के विनियम 44 के अनुसार:

क) कंपनी अपने सदस्यों को उक्त वार्षिक आम बैठक (एजीएम) की सूचना में उल्लिखित प्रस्तावों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान करने के लिए दूरस्थ ई-मतदान की सुविधा प्रदान कर रही है।

ख) दूरस्थ ई-मतदान शनिवार, 12 सितंबर, 2026 को सुबह 10:00 बजे से शुरू होकर सोमवार, 14 सितंबर, 2026 को शाम 5:00 बजे समाप्त होगा।

ग) मतदान के लिए पात्र सदस्यों के निर्धारण की अंतिम तिथि मंगलवार, 8 सितंबर, 2026 है।

घ) कोई भी व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना जारी होने के बाद कंपनी के शेयर प्राप्त करता है और कंपनी का सदस्य बनता है, और जिसके पास शेयर हैं और अंतिम तिथि यानी मंगलवार, 8 सितंबर, 2026 तक सदस्यता है, वह evoting@nsdl.co.in या evoting@kfintech.com (आरटीए) पर अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि कोई व्यक्ति पहले से ही दूरस्थ ई-मतदान के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो वह अपने मौजूदा यूज़र आईडी और पासवर्ड का उपयोग मतदान के लिए कर सकता है।

सदस्यगण कृपया ध्यान दें कि: उपरोक्त मतदान तिथि और समय के बाद एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल निष्क्रिय कर दिया जाएगा। एक बार किसी प्रस्ताव पर मतदान हो जाने के बाद, सदस्य को बाद में अपना मत बदलने की अनुमति नहीं होगी।

किसी भी प्रश्न के लिए, आप www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं। सदस्यगण कंपनी के प्रबंध निवेशक श्री शरवान कुमार कलेर को cs@rpcil.com पर पत्र लिख सकते हैं या 01572-245009, 245765, 245976 पर बात कर सकते हैं।

रेक्स पाइप्स एंड केबल्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए

कृते/-

(श्रवण कुमार कलेर)

प्रबंध निवेशक

डीआईएन-01050715

स्थान: सीकर

दिनांक: 22.08.2026

त्रिपुरा सरकार सब्सिडी के जरिए बिजली की बढ़ी हुई दरों का 100 प्रतिशत बोझ उठाएगी

अगरतला | बिज़नेस रेमेडीज

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शुक्रवार को कहा कि राज्य कैबिनेट ने उपभोक्ताओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए, त्रिपुरा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन द्वारा मंजूर की गई बिजली की बढ़ी हुई दरों का 100 प्रतिशत बोझ खुद उठाने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि नई टैरिफ व्यवस्था के तहत बढ़ी हुई दरों पर 100 प्रतिशत सब्सिडी देने का फैसला मई 2026 से लागू होगा। इस सब्सिडी का फायदा राज्य के लगभग 10 लाख बिजली उपभोक्ताओं को मिलेगा, जिनमें घरेलू उपभोक्ता, छोटे, मध्यम और बड़े कारोबार, व्यापारी, किसान और उद्योग शामिल हैं।

ADVANCE AGROLIFE LIMITED

(FORMERLY KNOWN AS ADVANCE AGROLIFE PRIVATE LIMITED)

एडवांस एग्रोलाइफ लिमिटेड

CIN: L24121RJ2002PLC017467

रजिस्टर्ड ऑफिस: E-39, रीको इंडस्ट्रियल एरिया, बगरू (एक्सटेंशन), जयपुर (राज)- 303007

कॉर्पोरेट ऑफिस: 301, तीसरी मंज़िल और 140-प्रपंडित टीएन मिश्रा मार्ग, निर्माण नगर, जयपुर (राज)- 302019

फ़ोन: 0141-4810126 • वेबसाइट: www.advanceagrolife.com • ईमेल: cs@advanceagrolife.com

एडवांस एग्रोलाइफ लिमिटेड की 24वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के संबंध में सूचना

प्रिय सदस्यगण,

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एडवांस एग्रोलाइफ लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों की 24वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 18 सितंबर, 2026 को अपराह्न 03:00 बजे (भारतीय मानक समय) वीडियो कॉन्फ्रेंस ("वीसी")/ अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम ("ओएवीएम") की सुविधा के माध्यम से आयोजित की जाएगी। यह बैठक कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के लागू प्रावधानों और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के प्रावधानों के अनुपालन में आयोजित की जाएगी। यह बैठक मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी सामान्य परिपत्रों, जिसमें नवीनतम सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 शामिल है (सामूहिक रूप से "एमसीए परिपत्र"), तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा समय-समय पर जारी परिपत्रों, जिसमें नवीनतम परिपत्र संख्या SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 3 अक्टूबर, 2024 शामिल है (सामूहिक रूप से "परिपत्र"), के साथ पढ़े जाने पर, बिना सदस्यों की किसी सामान्य स्थान पर भौतिक उपस्थिति के, एजीएम की सूचना में निर्धारित कार्यों को संपादित करने के लिए आयोजित की जाएगी।

एमसीए एवं सेबी के परिपत्रों के अनुपालन में, 24वीं एजीएम की सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट, जिसमें एजीएम की सूचना, वित्तीय विवरण एवं अन्य वैधानिक रिपोर्ट शामिल हैं, नियत समय में केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (अर्थात ई-मेल) द्वारा उन सभी सदस्यों को भेजी जाएगी, जिनके ई-मेल पते कंपनी/रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) अथवा उनके संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं।

इसके अतिरिक्त, सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 36(1)(b) की आवश्यकताओं के अनुसार, कंपनी उन शेयरधारकों को, जिनके ई-मेल पते कंपनी अथवा डिपॉजिटरी प्रतिभागी(यों)/ आरटीए के पास पंजीकृत नहीं हैं, एक पत्र भी भेजेगी, जिसमें कंपनी की वेबसाइट का वेब-लिंक, जिसमें सटीक पथ भी शामिल होगा, उपलब्ध कराया जाएगा, जहां 31 मार्च, 2026 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट का पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता है।

एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.advanceagrolife.com, स्टॉक एक्सचेंजों अर्थात बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com, साथ ही, यह आरटीए एवं वोटिंग एजेंसी, अर्थात् केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (केफिनटेक) की वेबसाइट https://evoting.kfintech.com/ पर भी उपलब्ध होगी।

सदस्य केवल वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में सम्मिलित होकर भाग ले सकते हैं। एजीएम में शामिल होने तथा दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा एजीएम के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया संबंधी निर्देश एजीएम की सूचना में दिए गए हैं। वीसी/ओएवीएम सुविधा के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले सदस्यों को अधिनियम की धारा 103 के अंतर्गत कोरम की गणना के उद्देश्य से उपस्थित सदस्यों के रूप में माना जाएगा।

जिन सदस्यों ने अपना ई-मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, वे एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए दूरस्थ ई-वोटिंग अथवा बैठक के दौरान ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से अपना मत दे सकते हैं।

ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन करने की प्रक्रिया:

सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपने डीमैट खातों में धारित प्रतिभूतियों के संबंध में अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी के पास अपना ई-मेल पता पंजीकृत/अद्यतन करें, जहां उनका डीमैट खाता है। इसके लिए संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।

जिन सदस्यों ने पहले ही अपना ई-मेल पता पंजीकृत करा रखा है, उनसे अनुरोध है कि वे अपने DP(s)/ आरटीए के पास अपने ई-मेल पते को सत्यापित/मान्य बनाए रखें, ताकि उन्हें संचार एवं दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उपलब्ध कराए जा सकें।

इस संबंध में सभी संचार/प्रश्न आरटीए, केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, श्री अनंदन, सहायक उपाध्यक्ष, को ई-मेल द्वारा evoting@Kfintech.com पर भेजे जा सकते हैं।

बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स के आदेश से

एडवांस एग्रोलाइफ लिमिटेड

हस्ताक्षर/-

निशा गुप्ता

(कंपनी सेक्रेटरी और कंप्लायंस ऑफ़िसर)

स्थान : जयपुर

दिनांक : अगस्त 21, 2026

टॉप एम्प्लॉयर्स इंस्टीट्यूट और हुंडई मोटर इंडिया ने आयोजित किया ग्लोबल पीपल लीडरशिप समिट 2026, थीम रही 'द स्टेबिलिटी पैराडॉक्स'

मुंबई | बिज़नेस रेमेडीज

नीदरलैंड स्थित टॉप एम्प्लॉयर्स इंस्टीट्यूट, जो कर्मचारियों और मानव संसाधन संबंधी उत्कृष्ट कार्यप्रणालियों को पहचान देने वाली वैश्विक संस्था है, ने हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (HMIL) के साथ मिलकर आज गुरुग्राम स्थित HMIL के मुख्यालय - सेंटर ऑफ ट्रांसफॉर्मेशन में ग्लोबल पीपल लीडरशिप समिट 2026 का आयोजन किया। हुंडई के भारत में 30 गौरवशाली वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित इस शिखर सम्मेलन की थीम 'द स्टेबिलिटी पैराडॉक्सः लगातार बदलाव के बीच लोगों का नेतृत्व' रही। इसमें 150 से अधिक वरिष्ठ मानव संसाधन नेता, उद्योग विशेषज्ञ और प्रमाणित शीर्ष नियोक्ता शामिल हुए। सम्मेलन में बदलते कौशल, कर्मचारियों की बढ़ती अपेक्षाओं और तेजी से बदलती तकनीकों के बीच संगठनों के विकास पर विचार-विमर्श किया गया।

शिखर सम्मेलन की शुरुआत वाई.एम. पार्क, कार्य प्रमुख एवं उपाध्यक्ष - जन रणनीति, हुंडई मोटर इंडिया के स्वागत संबोधन से हुई। उन्होंने भारत में हुंडई की 30 वर्ष की विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठनों के कारोबारी परिस्थितियों के अनुरूप बदलने

के दौर में मानव संसाधन कार्यप्रणालियां अगले दशक के कार्यक्षेत्र को परिभाषित करेंगी।

सम्मेलन में अपने विचार रखते हुए डॉ. नटवर कडेल, सहायक उपाध्यक्ष एवं विभाग प्रमुख - जन रणनीति, हुंडई मोटर इंडिया ने कहा कि ग्लोबल पीपल लीडरशिप समिट में हुई चर्चाओं ने उस वास्तविकता को रेखांकित किया, जिसका सामना आज हर संगठन कर रहा है- बदलाव लगातार हो रहा है, लेकिन विश्वास, उद्देश्य और सार्थक कर्मचारी अनुभव स्थिरता की नींव बने हुए हैं। कौशल की उपयोगिता अवधि पहले से कहीं तेजी से कम हो रही है। ऐसे में मानव संसाधन विभाग का भविष्य ऐसे अनुकूलनशील तंत्र तैयार करने में है, जहां प्रतिभा, तकनीक और संस्कृति एक साथ आकर उत्कृष्टता को बढ़ावा दें। इतने बेहतरीन नेताओं की मेजबानी करना हमारे लिए सौभाग्य की बात रही, जिन्होंने मजबूत और भविष्य के लिए तैयार संगठनों के निर्माण